# भगवान् शिव की आगमिक मन्त्रों द्वारा संक्षिप्त पूजा

यदि पूजा के निम्न आगमोक्त मन्त्र पढ़ना कठिन पड़ें तो केवल नाममन्त्र से 'आवाहन' करके 'नैवेद्य' आदि चढ़ाना चाहिये। यदि कोई भी पूजा का उपचार न जुट पाये या जुटाना अशक्य हो तो उसे मन से तैयार कर चढ़ा देना चाहिये। जैसे **'दिव्यमासनं मनसा परिकल्प्य समर्पयामि, पुष्पितां पुष्पमालां मनसा परिकल्प्य समर्पयामि'** आदि।

सर्वप्रथम पहले (वैदिक शिवपूजन) की तरह आचमन कर पवित्री धारण करें। अपने ऊपर और पूजा सामग्री पर जल का प्रोक्षण करें। इसके बाद पूर्वोक्त रीति से (जिसका उल्लेख वैदिक शिवपूजन में हो चुका है) संकल्प करें, तथा गौरी एवं गणेश की पूजा करें। तदनन्तर हाथ में फूल लेकर अञ्जलि बाँधकर शंकर भगवान् का ध्यान करें। ध्यान का मन्त्र इस प्रकार है–

**ध्यायेन्नित्यं महेशं रजतगिरिनिभं चारुचन्द्रावतंसं,**
**रत्नाकल्पोज्ज्वलाङ्गं परशुमृगवराभीतिहस्तं प्रसन्नम्।**
**पद्मासीनं समन्तात् स्तुतममरगणैर्व्याघ्रकृत्तिं वसानं,**
**विश्वाद्यं विश्वबीजं निखिलभयहरं पंचवक्त्रं त्रिनेत्रम्।।**
**ध्यानार्थे अक्षतपुष्पाणि समर्पयामि ॐ शिवाय नमः।**

(अक्षत एवं पुष्प चढ़ायें।)

**आवाहन*** – **आगच्छ भगवन्! देव! स्थाने चात्र स्थिरो भव।**
**यावत् पूजां करिष्येऽहं तावत् त्वं संनिधौ भव।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। आवाहनार्थे पुष्पं समर्पयामि।**

(पुष्प चढ़ायें।)

**आसन*** – **अनेकरत्नसंयुक्तं नानामणिगणान्वितम्।**
**इदं हेममयं दिव्यमासनं प्रतिगृह्यताम्।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। आसनार्थे बिल्वपत्रं (पुष्पं) समर्पयामि।**

(बिल्वपत्र अथवा पुष्प दें।)

**पाद्य*** – **गङ्गोदकं निर्मलं च सर्वसौगन्ध्यसंयुतम्।**
**पादप्रक्षालनार्थाय दत्तं मे प्रतिगृह्यताम्।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। पदयोः पाद्यं समर्पयामि।** (जल चढ़ायें।)

**अर्घ्य*** – **गन्धपुष्पाक्षतैर्युक्तमर्घ्यं सम्पादितं मया।**

---

* नर्मदेश्वर आदि तथा स्थापित लिंगों में आवाहन एवं विसर्जन किये बिना ही पूजा की जाती है। आसन, पाद्य, अर्घ्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये 'देवपूजा-प्रकरण' आदि लेखों को पढ़ें।

**गृहाण भगवन् शम्भो प्रसन्नो वरदो भव।।**

**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। हस्तयोः अर्घ्यं समर्पयामि।**

(चन्दन, पुष्प, अक्षतयुक्त अर्घ्य समर्पण करें।)

**आचमन*** – **कर्पूरेण सुगन्धेन वासितं स्वादु शीतलम्**

**तोयमाचनीयार्थं गृहाण परमेश्वर।।**

**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। आचमनीयं जलं समर्पयामि।**

(कर्पूर से सुवासित शीतल जल चढ़ायें।)

**स्नान*** – **मन्दाकिन्यास्तु यद्वारि सर्वपापहरं शुभम्।**

**तदिदं कल्पितं देव स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्।।**

**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। स्नानीयं जलं समर्पयामि।**(गंगाजल चढ़ायें।)

**स्नानाङ्ग–आचमन – श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः स्नानान्ते आचमनीयं जलं समर्पयामि।**(आचमन के निमित्त जल चढ़ायें।)

**दुग्धस्नान** – **कामधेनुसमुद्भूतं सर्वेषां जीवनं परम्।**

**पावनं यज्ञहेतुश्च पयः स्नानाय गृह्यताम्।।**

**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। पयः स्नानं समर्पयामि।**

**पयः स्नानान्ते शुद्धोदकस्नानं समर्पयामि।**

**शुद्धोदकस्नानान्ते आचमनीयं जलं समर्पयामि।**

(गोदुग्ध से स्नान करायें तदनन्तर शुद्ध जल से स्नान करायें और आचमन के लिये जल चढ़ायें।)

**दधिस्नान** – **पयसस्तु समुद्भूतं मधुराम्लं शशिप्रभम्।**

**दध्यानीतं मया देव स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्।।**

**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। दधिस्नानं समर्पयामि।**

**दधिस्नान्ते शुद्धोदकस्नानं समर्पयामि।**

**शुद्धोदकस्नानान्ते आचमनीयं जलं समर्पयामि।**

(गोदधि से स्नान करा कर शुद्ध जल से स्नान करायें तथा आचमन के लिये जल समर्पित करें।)

**घृतस्नान** – **नवनीतसमुत्पन्नं सर्वसंतोषकारकम्।**

**घृतं तुभ्यं प्रदास्यामि स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्।।**

**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। घृतस्नानं समर्पयामि।**

**घृतस्नानान्ते शुद्धोदकस्नानं समर्पयामि।**

* आचमन तथा स्नानादि के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये 'देवपूजा–प्रकरण' आदि लेखों को देखें।

**शुद्धोदकस्नानान्ते आचमनीयं जलं समर्पयामि।**

(गोघृत से स्नान करा कर शुद्ध जल से स्नान करायें तथा आचमन के लिये जल समर्पित करें।)

**मधुस्नान – पुष्परेणुसमुत्पन्नं सुस्वादु मधुरं मधु।**
**तेजःपुष्टिकरं दिव्यं स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। मधुस्नानं समर्पयामि।**
**मधुस्नानान्ते शुद्धोदकस्नानं समर्पयामि।**
**शुद्धोदकस्नानान्ते आचमनीयं जलं समर्पयामि।**

(मधु से स्नान करा कर शुद्ध जल से स्नान करायें तथा आचमन के लिये जल अर्पित करें)

**शर्करास्नान – इक्षुसारसमुद्भूतां शर्करां पुष्टिदां शुभाम्।**
**मलापहारिकां दिव्यां स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। शर्करास्नानं समर्पयामि।**
**शर्करास्नानान्ते शुद्धोदकस्नानं समर्पयामि।**
**शुद्धोदकस्नानान्ते आचमनीयं जलं समर्पयामि।**

(शक्कर से स्नान करा कर शुद्ध जल से स्नान करायें तथा आचमन के लिये जल चढ़ायें।)

**पञ्चामृतस्नान*– पयो दधि घृतं चैव मधु च शर्करान्वितम्।**
**पञ्चामृतं मयाऽऽनीतं स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। पञ्चामृतस्नानं समर्पयामि। पञ्चामृत स्नानान्ते शुद्धोदकस्नानं समर्पयामि। शुद्धोदकस्नानान्ते आचमनीयं जल समर्पयामि।**

(अन्य पात्र में पृथक् निर्मित पञ्चामृत से स्नान करा कर शुद्ध जल से स्नान करायें तथा आचमन के लिये जल चढ़ायें।)

**गन्धोदकस्नान[1]–** (केसर को चन्दन से घिसकर पीला द्रव्य बना लें और उस गन्धोदक से स्नान करायें।)
**मलयाचलसम्भूतचन्दनेन विमिश्रितम् इदं गन्धोदकस्नानं कुङ्कुमाक्तं नु गृह्यताम्।। श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। गन्धोदकस्नानं समर्पयामि। गन्धोदक स्नानान्ते आचमनीयं जलं समर्पयामि।**(गंधोदक से स्नान कराकर आचमन के लिये जल चढ़ायें।)

---

* गौ के दूध, दही और घी में चीनी और शहद मिलाकर छानने से पंचामृत बनता है। इनमें पाँचों द्रव्यों की मात्रा समान होनी चाहिये। (आचारेन्दुः पृ. 148)

1. गन्धोदकस्नान के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये 'देवपूजा-प्रकरण' तथा अन्य लेखों को पढ़ें।

**शुद्धोदकस्नान*–शुद्धं यत् सलिलं दिव्यं गङ्गाजलसमं स्मृतम्।**
**समर्पितं मया भक्त्या शुद्धस्नानाय गृह्यताम्।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। शुद्धोदकस्नानं समर्पयामि।**

(शुद्ध जल से स्नान करायें।)

**स्नानान्त आचमन–श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः।**
**शुद्धोदकस्नानान्ते आचमनीयं जलं समर्पयामि।**

(आचमन के लिये जल चढ़ायें।)

**वस्त्र* – शीतवातोष्णसंत्राणं लज्जाया रक्षणं परम्।**
**देहालङ्करणं वस्त्रं धृत्वा शान्तिं प्रयच्छ मे।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। वस्त्रं समर्पयामि।**

(वस्त्र चढ़ायें।)

**आचमन – श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। वस्त्रान्ते आचमनीयं जलं समर्पयामि।**

(आचमन के लिये जल चढ़ायें।)

**उपवस्त्र – उपवस्त्रं प्रयच्छामि देवाय परमात्मने।**
**भक्त्या समर्पितं देव प्रसीद परमेश्वर।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। उपवस्त्रं (अथवा उपवस्त्रार्थे सूत्रम्) समर्पयामि।**

(उपवस्त्र अथवा सूत्र चढ़ायें।)

**आचमन – श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। उपवस्त्रान्ते आचमनीयं जलं समर्पयामि।**

(आचमन के लिये जल चढ़ायें।)

**यज्ञोपवीत – नवभिस्तन्तुभिर्युक्तं त्रिगुणं देवतामयम्।**
**उपवीतं मया दत्तं गृहाण परमेश्वर।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। यज्ञोपवीतं समर्पयामि।**

(यज्ञोपवीत चढ़ायें।)

**आचमनीय – श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। यज्ञोपवीतान्ते आचमनीयं जलं समर्पयामि।**

(आचमन के लिये जल चढ़ायें।)

**चन्दन* – श्रीखण्डं चन्दनं दिव्यं गन्धाढ्यं सुमनोहरम्।**

---

1. शुद्धोदकस्नान, वस्त्र तथा चन्दन के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये 'देवपूजा-प्रकरण' तथा अन्य लेखों को पढ़ें।

**विलेपनं सुरश्रेष्ठ चन्दनं प्रतिगृह्यताम्।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। चन्दनानुलेपनं (या गन्धानुलेपनं) समर्पयामि।**
(मलय चन्दन लगायें।)

**अक्षत*** – **अक्षताश्च सुरश्रेष्ठ कुङ्कुमाक्ताः सुशोभिताः।**
**मया निवेदिता भक्त्या गृहाण परमेश्वर।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। अक्षतान् समर्पयामि।**
(कुङ्कुमयुक्त अक्षत चढ़ायें।)

**पुष्प एवं पुष्पमाला*** – **माल्यादीनि सुगन्धीनि मालत्यादीनि भक्तितः।**
**मयाऽऽहृतानि पुष्पाणि गृहाण परमेश्वर।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। पुष्पं च पुष्पमालां समर्पयामि।**
(फूल एवं फूलमाला चढ़ायें।)

**बिल्वपत्र*** – **त्रिदलं त्रिगुणाकारं त्रिनेत्रं च त्रिधायुतम्।**
**त्रिजन्मपापसंहारं बिल्वपत्रं शिवार्पणम्।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। बिल्वपत्राणि समर्पयामि।**
(बिल्वपत्र चढ़ायें।)

**तुलसी*** – **तुलसीं हेमरूपां च रत्नरूपां च मञ्जरीम्।**
**भवमोक्षप्रदां तुभ्यमर्पयामि हरिप्रियाम्।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। तुलसीदलं समर्पयामि।**
(तुलसीदल चढ़ायें।)

**दूर्वा*** – **दूर्वाङ्कुरान् सुहरितानमृतान् मङ्गलप्रदान्।**
**आनीतांस्तव पूजार्थं गृहाण परमेश्वर।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। दुर्वाङ्कुरान् समर्पयामि।** (दुर्वाङ्कुर चढ़ायें।)

**शमी** – **अमङ्गलानां च शमनीं शमनीं दुष्कृतस्य च।**
**दुःस्वप्ननाशिनीं धन्यामर्पयेऽहं शमीं शुभाम्।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। शमीपत्राणि समर्पयामि।** (शमीपत्र चढ़ायें।)

**आभूषण** – **वज्रमाणिक्यवैदूर्यमुक्ताविद्रुममण्डितम्।**
**पुष्परागसमायुक्तं भूषणं प्रतिगृह्यताम्।।**

---

* अक्षत, पुष्प, बिल्वपत्र तथा दूर्वा से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिये 'देवपूजा-प्रकरण' तथा अन्य लेखों को पढ़ें।

**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। रत्नाभूषणं समर्पयामि।**

(रत्नाभूषण समर्पित करें।)

**परिमलद्रव्य – दिव्यगन्धसमायुक्तं नानापरिमलान्वितम्।**
**गन्धद्रव्यमिदं भक्त्या दत्तं स्वीकुरु शोभनम्।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। नाना परिमलद्रव्याणि समर्पयामि।**

(परिमल द्रव्य चढ़ायें।)

भगवान् के आगे चौकोर जल का घेरा डालकर उसमें नैवेद्य की वस्तुओं को रख दें, इसके बाद धूप–दीप निवेदन करें।

**धूप* – वनस्पतिरसोद्भूतो गन्धाढ्यो गन्ध उत्तमः।**
**आघ्रेयः सर्वदेवानां धूपोऽयं प्रतिगृह्यताम्।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। धूपमाघ्रापयामि।** (धूप दिखायें।)

**दीप* – साज्यं च वर्तिसंयुक्तं वह्निना योजितं मया।**
**दीपं गृहाण देवेश! त्रैलोक्यतिमिरापहम्।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। दीपं दर्शयामि।**

(दीप दिखायें तथा हाथ धो लें।)

**नैवेद्य* – शर्कराखण्डखाद्यानि दधिक्षीरघृतानि च।**
**आहारं भक्ष्यभोज्यं च नैवेद्यं प्रतिगृह्यताम्।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। नैवेद्यं निवेदयामि।** (नैवेद्य निवेदित करें।)

**आचमनीय – नैवेद्यान्ते ध्यानम् आचमनीयं जलं उत्तरापोऽशनं**
**हस्तप्रक्षालनार्थं मुखप्रक्षालनार्थं च जलं समर्पयामि।**

(नैवेद्य निवेदन के पश्चात् भगवान् का ध्यान करके आचमन के लिये जल चढ़ायें।)

**ऋतुफल* – इदं फलं मया देव स्थापितं पुरतस्तव।**
**तेन मे सफलावाप्तिर्भवेज्जन्मनि जन्मनि।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। ऋतुफलं निवेदयामि।**
**मध्ये आचमनीयं जलम् उत्तरापोऽशनं च समर्पयामि।**

(ऋतुफल चढ़ायें और आचमन तथा उत्तरापोऽशन के लिये जल दें।)

**ताम्बूल* – पूगीफलं महद्दिव्यं नागवल्लीदलैर्युतम्।**

---

* धूप, दीप, नैवेद्य, ऋतुफल, ताम्बूल से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिये 'देवपूजा–प्रकरण' तथा अन्य लेख देखें।

**एलालवङ्गसंयुक्तं ताम्बूलं प्रतिगृह्यताम्।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। ताम्बूलं समर्पयामि।**
(इलायची, लौंग, सुपारी के साथ पान समर्पित करें।)

**दक्षिणा – हिरण्यगर्भगर्भस्थं हेमबीजं विभावसोः।**
**अनन्तपुण्यफलदमतः शान्तिं प्रयच्छ मे।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। दक्षिणां समर्पयामि।** (दक्षिणा चढ़ायें।)

**आरती* – कदलीगर्भसम्भूतं कर्पूरं तु प्रदीपितम्।**
**आरार्तिकमहं कुर्वे पश्य मां वरदो भव।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। आरार्तिक्यं समर्पयामि।**

(कर्पूर से आरती करें और आरती के बाद जल गिरायें, देवता को फूल चढ़ायें और दोनों हाथ से आरती लेकर हाथ धो लें तथा वैदिक शिवपूजनोक्त अथवा अन्य आरती को गायें।)

**प्रदक्षिणा* – यानि कानि च पापानि जन्मान्तरकृतानि च।**
**तानि सर्वाणि नश्यन्तु प्रदक्षिणपदे पदे।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। प्रदक्षिणां समर्पयामि।** (प्रदक्षिणा करें।)

**मन्त्रपुष्पाञ्जलि – श्रद्धया सिक्तया भक्त्या हार्दप्रेम्णा समर्पितः।**
**मन्त्रपुष्पाञ्जलिश्चायं कृपया प्रतिगृह्यताम्।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। मन्त्रपुष्पाञ्जलिं समर्पयामि।**
(पुष्पाञ्जलि समर्पण करें।)

**नमस्कार* – नमः सर्वहितार्थाय जगदाधारहेतवे।**
**साष्टाङ्गोऽयं प्रणामस्ते प्रयत्नेन मया कृतः ।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। नमस्कारान् समर्पयामि।**
(साष्टांग नमस्कार करें।)[1]

**क्षमा – याचना – मन्त्रहीनं क्रियाहीनं भक्तिहीनं सुरेश्वर।**
**यत्पूजितं मया देव परिपूर्णं तदस्तु मे।।**
**श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। क्षमायाचनां समर्पयामि।**
(क्षमा – याचना करें।)

---

* आरती, प्रदक्षिणा तथा नमस्कार आदि संबंधी विस्तृत जानकारी के लिये 'देवपूजा – प्रकरण' तथा अन्य लेख देखें।

1. उपर्युक्त मन्त्र से पहले (वीरमित्रोदयः पूजाप्रकाशः पृ. 237 – 238 पर लिखित) निम्नलिखित स्तोत्र को भी पढ़ा

अन्त में चरणोदक और प्रसाद ग्रहण कर पूजा की साङ्गता करें।

**अर्पण** – **ॐ अनया पूजया श्रीभगवते साम्बशिवः प्रीयतां न मम। श्रीसाम्बशिवार्पणमस्तु।**

(उपर्युक्त लेख मुख्यतः गीताप्रेस, गोरखपुर द्वारा प्रकाशित 'नित्यकर्म-पूजाप्रकाश' तथा कल्याण के 'शिवोपासनांक पर आधारित है।)

❀❀❀❀❀❀

---

जा सकता है-

**प्रणमामि जगन्नाथं प्रणतार्त्तिप्रणाशनम्। प्रणवागोचरं देवमीशानं प्रणवात्मकम्।।**
**जगद्रूपमयोनिं तं सृष्टिस्थित्यन्तकारिणम्। ऊर्ध्वरूपं विरूपाक्षं विश्वरूपं नमाम्यहम्।।**
**आदिमध्यान्तरहितमनन्तमजमव्ययम्। यमामनन्ति योगीन्द्रास्तं वन्दे पुष्टिवर्द्धनम्।।**
**नमोऽस्तु लोकनाथाय वञ्चते परिवञ्चते। नमोऽस्तु नीलकण्ठाय पशूनां पतये नमः।।**
**नमः कल्मषनाथाय नमो मीढुष्टमाय च। नमो रुद्राय देवाय कद्रुद्राय प्रचेतसे।।**
**नमः पिनाकहस्ताय शूलहस्ताय ते नमः। नमश्चैतन्यरूपाय पुष्टानां पतये नमः।।**
**नमस्ते सर्वभूताय घण्टाहस्ताय ते नमः। नमः पञ्चास्यदेवाय क्षेत्राणां पतये नमः।।**
**नमः कपालहस्ताय पाशमुद्गरपणये। नमः समस्तपापानां मुष्णतां पतये नमः।।**
**नमो गुणाधिदेवाय निर्गुणाय गुणात्मने। नमो गणाधिदेवाय गणानां पतये नमः।।**
**नमो हिरण्यगर्भाय हिरण्यपतये नमः। हिरण्यरेतसे तुभ्यं विश्वरूपाय वै नमः।।**
**नमो ध्यानस्वरूपाय नमस्ते ध्यानसाक्षिणे। नमस्ते ध्यानसंस्थाय अहिर्बुध्न्याय ते नमः।।**
**येनेदं विश्वमखिलं चराचरविराजितम्। प्रधानपुरुषं चैवमभ्राददृष्टिरिवाजनि।।**
**स्वप्रकाशं महात्मानं परं ज्योतिः सनातनम्। यमामनन्ति तत्त्वज्ञाः सवितारं नृचक्षसे।।**
**उमाकान्त विरूपाक्ष नीलकण्ठ सदाशिव। मृत्युञ्जय महाभाग यद्भद्रं तन्न आसुव।।**
**कपर्दिने नमस्तुभ्यं नीलग्रीवाय ते नमः। कृशानुरेतसे तुभ्यं शिवो नः सुमना भव।।**
**यतः समुद्राः सरितोऽद्रयश्च गन्धर्वयक्षाप्सरसिद्धसङ्घाः।**
**यतश्च चेष्टां कुरुते हि जन्तवः स नो देवः शुभमासंविशन्तु।।**
**ध्यायन्ति यं योगिजना विशुद्धं सर्वान्तरात्मानमनूपमेयम्।**
**स्वतन्त्रमेकं गुणवन्निधानं नमामि भूयः प्रणमामि भूयः।।**